>

Title: Regarding construction of NH connecting Sirohi to Jhardha to bypass traffic at Mandar and Revdhar in Jalor Parliamentary Constituency, Gujrat.

श्री देवजी पटेल (जालौर): माननीय सभापति जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र में अहमदाबाद से दिल्ली एनएच गुजर रहा है । वहीं सिरोही के पास ट्रैफिक कांडला की तरफ डाइवर्ट होता है । जब यहां से कांडला के लिए ट्रक जाते हैं, बीच में दो बड़े कस्बे रेवधर और मंडार पड़ते हैं । शहर के बीचों बीच रोड निकलने के कारण बड़े ट्रक यहां से निकलते हैं, जिस कारण बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं ।

मैंने पहले भी इस विषय को रखा था । उदयपुर में सम्मानीय गडकरी जी ने इसकी घोषणा भी की थी कि सिरोही से झेरड़ा एनएच बनाकर मंडार और रेवधर को बाईपास किया जाए । इससे जो बड़े व्हीकल्स कांडला के लिए निकलते हैं, बाई-पास होकर चले जाएंगे और इन दुर्घटनाओं में जिन लोगों की जान जाती है, उनकी जान बचाई जा सकेगी । यही मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है ।